कायस्थ समाज को समर्पित

# चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

कार्यालय पता : 84/51, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर-302033

जयपुर, रविवार 23 मार्च 2025 | श्री चित्रगुप्ताय नमः | वर्ष - 3 | अंक : 94 (पेज - 1)

# सारे धर्मो व बिरादरीयों को अगर जोड़ने का कोई काम करेगा तो सिर्फ कायस्थ समाज – सुबोध कांत सहाय





जयपुर, चित्रांश एक्सप्रेस । ''कायस्थ समाज आज उसे दौर से गुजर रहा है जहां सिर्फ समाज का नुकसान नहीं बल्कि कायस्थों के कमजोर होने से सामाजिक ध्रुवीकरण जो होता था वो आज बिखर गया है'' ये शब्द अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय जी ने चित्रांश एक्सप्रेस के मुख्य संपादक डॉ अरुण कुमार सक्सेना को कहे।

माननीय श्री सुबोध कांत सहाय अपने निजी दौरे पर जयपुर पधारे थे। आज जयपुर एयरपोर्ट पर उनका स्वागत राष्ट्रीय सचिव श्री देवेंद्र मधुकर सक्सेना, प्रदेश महामंत्री श्री धर्मेंद्र जौहरी, जयपुर जिला अध्यक्ष श्री रवि माथुर, पूर्व जयपुर जिला अध्यक्ष, चित्रांश एक्सप्रेस के मुख्य संपादक डॉ अरुण कुमार सक्सेना व अन्य समाज बंधुओ ने फूलमाला व कायस्थ एकता दुपट्टा पहनाकर किया।

चित्रांश एक्सप्रेस के मुख्य संपादक डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुबोध कांत सहाय जी से कायस्थ समाज की वर्तमान स्थिति पर अपना मत व सुझाव देने को कहा तो माननीय सुबोध कांत सहाय जी ने कहा कि ये अकेला समाज ऐसा रहा जो देश की आजादी की लड़ाई से लेकर देश निर्माण में अग्रणी रहा। अगल बगल सारे लोगों की आवाज बना, जिनका कोई आवाज नहीं था उनका कायस्थ कम्युनिटी आवाज बना। ऐसी परिस्थिति मे अगर हम आज देखते हैं हम संघर्ष में अगवा रहे देश की आजादी की लड़ाई, जहां देखलो संविधान की रचयिता में हमारी अगवा भूमिका रही। हम राजनीतिक तौर पर अपनी बात नहीं कह पाए तो दूसरे लोग चैम्पियन हो गए। लेकिन हकीकत यही है कि संविधान रचना की शुरुआत से लेकर उसके ज्यादातर संविधान सभा के सदस्य कायस्थ कम्युनिटी के लोग रहे।

प्रदेश महामंत्री श्री धर्मेंद्र जौहरी जी ने चुनाव में कायस्थ समाज की भूमिका के बारे में पूछा तो माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुबोध कांत सहाय जी ने कहा कि पहला , दूसरा, तीसरा , चौथा चुनाव हुए तो मुद्दों के ऊपर चुनाव होते थे और उन मुद्दों का नेता कायस्थ समाज ही रहा है। लेकिन उसके बाद का जो दौर आया वो पोलराइजेशन का दौर आया, गोलबंदी का दौर आया। जात की गोलबंदी,धर्म की गोलबंदी, सांप्रदायिकता की गोलबंदी। इस गोलबंदी में मुद्दा गायब हो गया और कायस्थ का नेतृत्व भी इसमें गायब हो गया।

माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि हम आज के दिन गुस्से में इस बात को कहना चाहते हैं कि हमने ग़ैर राजनीतिक कम्युनिटी अपने आप को साबित कर दिया है।यह कोई अच्छी बात नहीं है। राजनीति जो है वह समाज और देश को गढ़ने का एक मुद्दा है। इसी से समाज और देश गड़ा जाता है, बनाया जाता है।हम अगर ग़ैर राजनीतिक हो जायेंग इतना इंटेलेक्चुअल कम्युनिटी जिसने किसी से कुछ नहीं लिया , हमने कभी पैरवी से नौकरी नहीं पाए। हम नौकरी पाए तो अपनी मेरिट से पाए। वो कम्युनिटी इतना अनुपयुक्त हो जाए तो आप अपना तो नुकसान कर ही रहे हैं इस देश का भी नुकसान कर रहे हैं। समाज जो आज छोटे-छोटे टुकड़े में बट गया है, सारे धर्मों को सारे बिरादरी को अगर जोड़ने का कोई काम करेगा ,चाहे भविष्य में या आज भी तो सिर्फ कायस्थ समाज का नेतृत्व हीं कर पाएगा।क्योंकि हम देते हैं लोगों को, हम लेते नहीं है। तो आज ऐसा परिस्थिति में अगर आप नजर उठा कर देखिए तो राजस्थान कभी हमारे यहां माथुर साहब मुख्यमंत्री हुआ करते थे और उसके बाद से एकदम पलायन होता जा रहा है।हर लोग हमारी उपयोगिता करते हैं कि आप आईटी सेल के चेयरमैन बन जाइए लेकिन मुख्य धारा में हमें हिस्सा नहीं मिलेगा। बिहार, यूपी, मध्य प्रदेश, दिल्ली ये जो पूरा हिंदी भाषा इलाका है अगर आप देखिए तो एक के एक नेतृत्व रहा है। लेकिन आज सत्ता में हमारी हिस्सेदारी नहीं है।

डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुबोध कांत सहाय जी से पूछा कि चुनाव में कायस्थों की रणनीति क्या होनी चाहिए इस पर माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि मैं एक ही लाइन कहना चाहता हूं कि मैं एक ही लाइन कहना चाहता हूं कि आने वाला जेनरेशन और आज जो समाज के अगवा है वो सबको प्रेरित करें।चाहे किसी भी राजनीतिक दल में हो राजनैतिक नेता बने, पिछलग्गू मत बनो।राजनीतिक नेता बनो और अपना हिस्सा लो।अपनी बिरादरी का सम्मान बढ़ाओ।हम अगर यह करने में पिछड़ गए तो जैसे विचारधारा खत्म हो जाता है वैसे समाज के लिए कोई आवाज उठाने वाला नहीं बचेगा। हम तो समझते हैं कि हर कॐर्पोरेशन में हमें लड़ना चाहिए, हर सीट पर लड़ना चाहिए चाहे हमें 500 ही वोट क्यों ना मिले। लेकिन एक बार चुनाव लड़े हुए 50 - 100 युवा नेता हमें मिल गया तो उसको समझाना नहीं पड़ेगा। हमारा अखिल भारतीय कायस्थ महासभा संगठन ग़ैर राजनीतिक है लेकिन गैर राजनीतिक चुनावी .ष्टिकोण से है वैचारिक .ष्टिकोण से नहीं। वैचारिक .ष्टिकोण से हम राजनैतिक हिस्सेदार हैं, लडके लेना होगा लडके लेंगे। हमारे जो प्रवृत्ति रही है, हम शांत तो रहते हैं लेकिन ज्वालामुखी भी बनते हैं और यह वक्त है बनने का।



# मुंशी प्रेमचंद साहित्य ग्रुप के इस सप्ताह के साहित्यकार



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

**नारी**

सृष्टि सृजन में है सदा, नारी का अनुदान।
पुरुष बराबर कर्म कर, बनी देश की शान।।

नारी देवी तुल्य है, ममता की भंडार।
सदा संघर्ष कर रही, माने कभी न हार।।

निज के पोषण के लिए, करती बाहर काज।
अपने फर्ज निभा रही, गृहणी बनकर आज।।

हर घर नारी रूप है, सदा करें सत्कार।
अधर सजे मुस्कान से, सुखी रहे परिवार।।

नारी मन को झाँकिये, सहज भाव का खान।
प्रेम समर्पण से भरी, उसका गुण पहचान।।

बच्चों का जीवन गढ़े, देती स्नेह दुलार।
उसकी आँचल छाँव में, करुणा मिले अपार।।

अपने गौरव के लिए, उतरे वो मैदान।
जीवन में हारे नहीं, नारी शक्ति सुजान।।

नर नारी के भेद में, भटक रहा संसार।
दोनों को सम जानिए, एक ईष्ट के नार।।

प्रीत रीत से है बँधा, उसका धैर्य स्वभाव।
सबको अपना मानकर, रखती नेह लगाव।।

जहाँ मान नारी मिले, वो घर सभ्य महान।
कहे रमा ये सर्वदा, हो नारी सम्मान।।

डॉ. मनोरमा चन्द्रा 'रमा' रायपुर ( छ.ग. )



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

**मत बनाना मुझे नारी**

तुम दीप हो मैं शिखा बन जलती हूँ
तुम चिनगारी हो मैं अग्नि बन धधकती हूँ
तुम सागर हो
मैं सरिता की लहर बन बहती हूँ
तुम चातक हो
मैं स्वाति नक्षत्र की बूँद बन तुम में
समा जाती हूँ
तुम चाँद हो
मैं चकोरी बन तुम्हें निहारती हूँ
तुम सूरज हो
अपने ताप से मुझे तपाते हो
तुम मधुमास हो
मैं पीत पर्ण बन झड़ती हूँ
तुम गृहस्वामी हो
मैं गृहस्वामिनी होकर भी भ्रमित हूँ
तुम भ्रमर बन
मुझ मकरन्द का आस्वादन करते हो
तुम धृतराष्ट्र हो
मैं गांधारी बन कब तक आँखें
बन्द करती रहूँगी
तुम राम हो
मैं सीता बन कब तक अग्नि परीक्षा
देती रहूँगी
तुम ऐन्द्रजालिक हो
मुझ पर जादू की छड़ी घुमाते हो
तुम छलिया हो
हर कदम पर मुझे छलते हो
तुम तराजू हो
मैं कब तक अन्याय की तुला में तुलती रहूँगी
पट्टी बाँधकर अब मैं नहीं बनूँगी गान्धारी
न सीता बन परीक्षा दूँगी
मैं ईश्वर के दरबार में फरियाद करूँगी
अगले जन्म में मत बनाना मुझे नारी ।

अनूप कटारिया, जयपुर राजस्थान



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

**लौकिक प्रेम**

सभी स्वार्थ में हैं पगे,यहाँ न सच्चे मीत।
सब मतलब से गा रहे,अपने अपने गीत।।

बहुत कठिन है खोजना,अति मनमोहक मित्र।
है समाज मरु -भूमि सा,नहीं गमकता इत्र।।

अपने -अपने काम के,दीवाने हैं लोग।
सब पीड़ित हैं काम से,सिर्फ चाहिए भोग।।

धन वैभव की भूख से,सब दिखते हैं त्रस्त।
सारा जीवन व्यर्थ में,हो जाता है अस्त।।

राधा - कान्हा प्रेम का,दिल में नहीं खुमार।
झूठा प्रेम दिखा सभी,करते सब पर वार।।

पर -उपकारी हृदय में,बहे प्यार का नीर।
निर्मल मन के गंग में,दिखे मधुर तस्वीर।।

प्यार आज छलवा हुआ,धोखे का व्यापार।
नाटक होता प्यार का,केवल अब व्यभिचार।।

प्यार अलौकिक लोक अब,हुआ यहाँ से लुप्त।
बिना सत्य शुभ प्यार के,घायल मन अब सुप्त।।

डॉ रामबली मिश्र वाराणसी



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

प्रियतम ! मुझको भूल न जाना
जीवन-उपवन सूख रहा है , प्यारे ! आकर धर्म निभाना ।
देख रही हूँ राह तुम्हारी , प्रियतम! मुझको भूल न जाना ।।

जब से जाकर दूर बसे हो , आती प्रायः याद तुम्हारी ।
तुम तो मुझको भूल गये हो , सुधि भी लेते नहीं हमारी ।।

विरह-ज्वाल से जलते तन पर, प्रियतम ! प्रेम-सुधा बरसाना ।
देख रही हूँ राह तुम्हारी , प्रियतम! मुझको भूल न जाना ।।1।।

नैनों में छवि बसी तुम्हारी , मन्मथ मम मन को मथता है ।
हर पल चिन्तन-रत रहकर भी , यह मन तनिक नहीं थकता है।।

मन अधीर हो रहा विरह से , प्रियतम ! आकर धैर्य बँधाना ।
देख रही हूँ राह तुम्हारी ,प्रियतम ! मुझको भूल न जाना ।।2।।

प्रियतम ! तुम हो बसे हृदय में , मुझसे दूर न जा पाओगे ।
मेरे बिन तुम भी तड़पोगे , अगर मुझे यों तड़पाओगे ।।

प्यार बिना जीवन बोझिल है , अब ज्यादा मत बोझ बढ़ाना ।
देख रही हूँ राह तुम्हारी , प्रियतम! मुझको भूल न जाना।।3।।

बिना तुम्हारे इस जीवन का , दूर न रीतापन होता है ।
मन का बोझ न हल्का होता , बोझ दुखों का तन ढोता है ।।

जीवन में हरियाली छाये , प्रेमामृत का पान कराना ।
देख रही हूँ राह तुम्हारी , प्रियतम! मुझको भूल न जाना।।4।।

डॉ. त्रिलोकी सिंह हिन्दूपुर,करछना,प्रयागराज



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

चल रहे थे फूलों भरी राह पर
क्या ख़बर थी काँटे भी चुभ जाएंगे।
नब्ज़ अपनी टटोली दिल भी खटखटाया
क्या ख़बर थी वो रूह में समा जाएंगे।
पीठ करके वो हमसे हैं बैठे हुए
क्या ख़बर थी कि रस्ते यूं मुड़ जाएंगे।
दिल में तस्वीर उनकी ले घूमा किए
क्या ख़बर थी कि आँसू बरस जाएंगे।
कोशिशें रंग लाती हैं कहते सभी
क्या ख़बर थी किनारे ना मिल पाएंगे।
मुश्किलों से हमेशा रहे बेख़बर
क्या ख़बर थी कि तारे नज़र आएंगे।
इश्क़ के इम्तिहानों से डरते नहीं
क्या ख़बर थी हम बाज़ी गवाँ जाएंगे।
दिल के दरवाज़ों पर थे पहरे घने
क्या ख़बर थी वो फिर भी निकल जाएंगे।
मुफ़लिसी से ना घबराता है अपना दिल
क्या ख़बर थी रईसी से घबराएंगे।
हमने झरने भी देखे तलैया भी देखीं
क्या ख़बर थी कि दोनों डुबो जाएंगे।
दुश्मनों से ना की नफ़रत कभी
क्या ख़बर थी दगा दोस्त दे जाएंगे।
डूबते और उतरते रहे हम यहाँ
क्या ख़बर थी भँवर से निकल आएंगे।

डॉ. सुनीता चौहान, आगरा, उत्तर प्रदेश



पवन श्रीवास्तव 'सबा'
ख़लीलाबादी

चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

खिलना और बिखर जाना, फूलों की अदाएं हैं
इन फूलों के दम से ही, खुशरंग फ़िज़ाएं हैं
थकना न कभी रुकना,चलते ही सदा रहना
हम सबसे यही कहतीं, बदमस्त हवाएं हैं

बरसेंगीं मिरे दिल के, आंगन में किसी दिन तो
छाई हुई आंखों में, जो ग़म की घटाएं हैं
ऐ जान-ए-ग़ज़ल तुझमें, सौ रंग हैं उल्फ़त के
कलियों की नज़ाकत है, तितली की अदाएं हैं

मशहूर है तू मुझसे, बदनाम हूं मैं तुझसे
वो तेरी जफ़ाएं हैं, ये मेरी वफ़ाएं हैं
बस मां की दुआओं की, दौलत के सबब लोगो
रहती हैं परे हमसे, जितनी भी बलाएँ हैं

तू दूर है मुझसे पर, दिल दूर नहीं तुझसे
इस दिल से उठी हैं जो, चाहत की सदाएं हैं
उल्फ़त में 'सबा' मुझको, एहसास ये होता है
सांसों में मिरी पिन्हां, हमदम की वफ़ाएं हैं



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

**दर्द- ए- जुदाई**

हर मुलाकात पर वक्तका तकाज़ा हुआ,
हर याद पे दिल का दर्द तरोताजा हुआ!
सुनी थी सिर्फ हमने गज़लों मे जुदाई की बातें,
अब खुद पे बीती तो हकीकत का अंदाजा हुआ !!1!!

जादू सा नशा है तेरे हर एक अल्फ़ाज़ में,
याद बहुत आती है तेरी दिन और रात में!
कल जब देखा था मैने सपना मझली रात में,
तब भी तेरा मखमली हाथ था मेरे हाथ में !!2!!

दूरियों की भला यूँ ना परवाह करा कीजिये,
बैचेन दिल जब भी पुकारे हमें बुला लीजिये!
कहीं दूर नहीं हैं हम आपके दिल के करीब हैं,
पलकों की चिलमन हल्के से मिला लीजिये!!3!!

मैं तोड़ लेता अगर तुम महकता गुलाब होती,
मैं जवाब बनता अगर तुम सवाल होती!
सभी जानते है की मैं नशा करता नही हूँ,
फिर भी पी लेता अगर तुम शराब होती !!4!!

खूबसूरत हैं वो पल जब पलकों में सपने होते हैं,
जब से हुआ इश्क हर पल तेरी यादों में खोये रहते हैं!
मुझे नही पता मेरी आंखो को तलाश किसकी है,
बस तुम्हे देखते हैं तो नजरें थम सी जाती है!!5!!

गोविन्द नारायण शर्मा , सिंधोलियाँ मालपुरा



**चौथा बंदर...**

तीन तो पहले से थे,
एक सुन नहीं पाता है,
दूसरा बोल नहीं पाता है,
तीसरा देख नहीं पाता है।

अब चौथा भी चला आया है,
जिसके हाथ में मोबाइल छाया है।
तीनों की तो अपनी जगह तय है,
मगर यह तो बड़ा ही निर्दय है।

ना रिश्तों की परवाह इसे,
ना जग की कोई चिंता है।
अपनी ही दुनिया में डूबा रहे,
बस स्क्रीन की पूजा-अर्चना है।

भावनाएँ इसमें मरती हैं,
समय यूँ ही फिसल जाता है।
बचपन काँच सा टूट रहा,
और अपनापन जल जाता है।

यह देख, सुन, बोल तो सकता है,
पर दुनिया से फिर भी दूर है।
माया-जाल में फँसकर यह,
खुद अपने हाथों मजबूर है।

संतोष सिंह नैकाने, गोंदिया,महाराष्ट्र

# होली स्नेह मिलन समारोह

## अभाकाम संस्था, राजस्थान एवं स्वयं सिद्धा साहित्यिक संस्थान, जयपुर

जयपुर, चित्रांश एक्सप्रेस। अभाकाम संस्था राजस्थान व स्वयं सिद्ध साहित्यिक संस्थान जयपुर एवं इंटरनल हॉस्पिटल सांगानेर के संयुक्त तत्वावधान में 23 मार्च 2025 को निशुल्क स्वास्थ्य परिचर्चा एवं होली स्नेह मिलन समारोह 2025 अभाकाम संस्था राजस्थान के प्रदेश महासचिव डॉ अरुण सक्सैना की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम में आयोजित स्वास्थ्य परिचर्चा में और तो ऑर्थोपेडिक्स डॉ रोहित शर्मा ने ऑस्टियोपोरोसिस के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी और कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के सवालों का भी जवाब दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभाकाम संस्था राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष श्री अजीत सक्सेना, पूर्व प्रबंधक निदेशक जयपुर विद्युत वितरण निगम, विशिष्ट अतिथि डॉ अमला बत्रा, पूर्व प्राचार्या महारानी कॉलेज, गीता चौधरी एम जी डी स्कूल जयपुर व अभाकाम संस्था राजस्थान के कोषाध्यक्ष रवि माथुर , स्वयं सिद्धा साहित्यिक संस्थान जयपुर की अध्यक्ष ज्ञानवती सक्सैना, महासचिव सुभाष सक्सेना, संरक्षक प्रो.कुसुम शर्मा, शोभा सक्सैना, की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ । अतिथियों द्वारा भगवान चित्रगुप्त जी व माँ वीणा पाणि के समक्ष दीप प्रज्वलित किया । अनुराधा माथुर ने सुमधुर आवाज़ में माँ की आराधना कर माँ वीणा पाणि का आह्वान कर आयोजन का शुभारंभ किया।




डॉ अरुण सक्सेना ने अपने अध्यक्षीय भाषण में अभाकाम की आगामी गतिविधियों पर प्रकाश डाला व आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। स्वयं सिद्धा साहित्यिक संस्थान जयपुर राजस्थान की अध्यक्ष ज्ञानवती सक्सैना ने उपस्थित रचनाकारों का स्वागत करते हुए स्वयं सिद्धा साहित्यिक संस्थान द्वारा आयोजित गतिविधियों से उपस्थित साहित्य अनुरागियों को अवगत कराया ।

डॉ रत्ना शर्मा के मधुर कुशल प्रभावी मंच संचालन ने आयोजन में चार चाँद लगा दिए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में डॉ पूनम केसवानी, श्रीमती वर्षा गुप्ता, श्रीमती चंचल शर्मा व अवनिका सक्सैना ने नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

कार्यक्रम में पधारें साहित्यकारों ने अपनी गजलों, कविताओं व गायन से उपस्थित जनों की वाह वाही ली।

डॉ आशा शर्मा, पुष्पा माथुर , डॉ अनिता व्यास, अर्चना निगम, सीमा लोहिया, सौ. निशा बुधे 'निशामन', अनमिका कली, ज्योत्सना सक्सैना, चंचल शर्मा चपल, वैद्य भगवान सहाय पारीक, प्रशंसा श्रीवास्तव ,अभय सक्सैना, दीपा सक्सैना, अरुण ठाकर, मुदिता ठाकर, डॉ सोनल सिन्हा, शोभित सक्सैना, सुधीर सक्सैना सुधि, मंजु दुबे, नवल किशोर दुबे, विवेक सक्सैना, सरोज चौहान, डॉ बृजेश मोहन इष्टवाल, सुरेश शर्मा, आलोक श्रीवास्तव, वत्सला श्रीवास्तव, पंकज माथुर, कविता सक्सैना, आर एस दीपक, सुनीता श्रीवास्तव, सत्यनारायण जी, मुकेश कुमार जैन, डॉ स्नेह लता, महबूब अली 'महबूब', आहत नज्मी, कमलेश शर्मा, अनिता सिंह, डॉ.रत्ना शर्मा , प्रार्थना सक्सैना ,अर्चना सिंह 'अना' , डॉ अर्चना श्रीवास्तव, डॉ मोनिका जैन, डॉ माला कैलाश, पार्वती भागवानी, नन्दिनी पंजवानी, उषा शर्मा, गाविन्द भारद्वाज, राम किशोर वर्मा, विनय कुमार अंकुश, विवेक श्रीवास्तव, भानु भारद्वाज, संदीप कुमार जैन, डॉ. अनिता व्यास ने पावन पर्व होली पर अपनी अनूठी प्रस्तुतियों की अजस्त्र रसधार मन को भिगो गई।

मुख्य अतिथि अभाकाम संस्था राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष श्री अजीत सक्सेना व विशिष्ट अतिथिओ ने सभी साहित्यकारों को दुपट्टा व मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में इंटरनल हॉस्पिटल सांगानेर ने सभी साहित्यकारों व अतिथियों को स्वादिष्ट भोजन कराया।







## मुंशी प्रेमचंद जी की कुर्सी आज भी सुरक्षित एवं संरक्षित

काशी, चित्रांश एक्सप्रेस। देश के महान उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद (धनपत राय श्रीवास्तव) की कुर्सी आज भी काशी विद्यापीठ में सुरक्षित एवं संरक्षित रखी गई है।




## कायस्थ समाज ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद से भेट कर सम्मान किया



इंदौर , चित्रांश एक्सप्रेस। कायस्थ समाज इंदौर द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद श्री रविशंकर प्रसाद के इंदौर आगमन पर सौजन्य मुलाकात की । इस अवसर पर समाज जनों ने उनका शाल श्रीफल से स्वागत किया और संस्था द्वारा किए गए कार्यों का ब्यौरा भी दिया। प्रसाद जी ने समाज द्वारा निर्मित श्री चित्रगुप्त चौराहे पर विश्व की सबसी बड़ी कलम दवात के निर्माण, वार्षिक पत्रिका शुभ घड़ी व अन्य कार्यों को भूरी भूरी प्रशंसा कर सभी पदाधिकारीयो के उत्कृष्ट कार्यो से समाज को ऊंचाई प्रदान करने की बधाई दी । इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी वीना सक्सेना, रत्नेश श्रीवास्तव , विजय सक्सेना, संजय निर्गुण, प्रदीप भटनागर, विवेक भटनागर, सत्या श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, विवेक सिन्हा आदि सदस्य उपस्थित थे।

## प्रणव राज श्रीवास्तव 386 नंबर लाकर प्रथम स्थान



मोतिहारी, चित्रांश एक्सप्रेस । प्रणव राज श्रीवास्तव पिता संतोष कुमार श्रीवास्तव माता अनीता श्रीवास्तव ममारखा भैया टोला पूर्वी चंपारण बिहार का स्थाई निवासी है। श्री अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय' मोतिहारी का आईएससी का छात्र है जो की 386 नंबर लाकर प्रथम स्थान से उत्तीर्ण हुआ है । श्री अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय प्रणव को शुभकामनाऐं दी। चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन परिवार आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।



## MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-8-8-1994
T.O.B. :-10:10 PM
P.O.B. :-Sawai madhopur Rajasthan
Gotra :-kashyap
Height :-5' 6"
Manglik :-
Edu. :-MA History , computer accounts micro soft.excal
Job :-
F.Name :-Manoj Kumar Shrivastava
M.Name :-Mrs Mithlesh Shrivastava
Address :-Spl 1 Ricco colony Kherda Sawai madhopur Rajasthan
Mob :- 9079838646 9694404520



SONAL SHRIVASTAVA

## MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B:- 06-07-1990
T.O.B:- 06.50 p.m.
P.O.B:- New DelhiGotra
father:- Kashyap Gotra
Height:- 5' 3" Mangali:- No
Qualifications:-Graduate
Job:- MNC - Planon India, Hyderabad
Annual income:- 22.5 LPA
Father : Anil Saxena Retired as Section Officer from Min. Of Finance
Mother: Manju Saxena
Address:- Gaur City-1, Noida Extension, Gautam Budh Nagar, UP Anil Saxena 9013376454Manju Saxena 9868886145



PRAGYA SAXENA

## MARRIAGE BIO-DATA

DOB: 04/10/1999
Birth Time: 20:12 pm
Birth Place: Lucknow E
ducation: B.com (Hons), M.com, B.ed
Pursuing: PhD in commerce (Marketing subject ) from Amity University, Lucknow
Current job : Working in Flipkart as a business development manager
Mother Name: Reeta Saxena
Father Name: Dinesh Saxena
Home town: Sitapur, Uttar Pradesh
Current Residence: Lucknow
Contact number - 7317006311 , 7081401463



PRIYANKA SAXENA

## MARRIAGE BIO-DATA

Birth Date : 27-08-1997
Birth Place : Azamgarh U.P.
Birth Time : 6:30 AM
Mangalik : No
Gotra : Kashyap
Education : (B.Com, M.Com).
F Name : Mr. Ashok Kumar Srivastava

Add.:ANC/045,Azad Nagar ,Kanpur Road near Amausi Airport Lucknow

Contact : 7007623189,9452372982, 9118733277



AKANSHA SRIVASTAVA

## MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-22 Jan 1990
T.O.B. :-12:40 am
P.O.B. :- Imphal
Gotra :- Ambastha
Height :- 5'9"
Manglik :-
Edu. :-(B.E.) from Pune University
Job :-Software Engineer Manager
Annual Salary – 44 lacs per annum
F.Name :-Mr. Ravin Kumar Sinha
M.Name :-Mrs. Poonam Vala Sinha
Address :-Hela bazar, near konhara ghat, hajipur (vaishali), bihar
Mob :- 7972472738 (mother) 9149975220 (father)



PRITESH SINHA

## MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-16 October 1992
T.O.B. :-3:07 pm
P.O.B. :-Mathura, Uttar Pradesh
Gotra :-Karariwa
Height :-5 F 10 Inch
Manglik :- No
Edu. :-B.Tech (IT)
Job :-Cyber Security, Western Union, Pune
Income: 34 LPA
F.Name :-Late Shri Anil Kumar Saxena
M.Name :-Mukta Saxena
Address :-Mathura, Uttar Pradesh
Mob :- 8218367926(Mother)



VIKALP SAXENA

## MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-12th March 1997
T.O.B. :-
P.O.B. :-
Gotra :-Singh
Height :-5 feet 6 inches
Edu. :-B. Tech Mechanical (Honors) - RTU
Job :-Working with MNC
F.Name : - (Late) Sh. Anil Saxena
M.Name :-Smt. Meena Saxena
Address :-118/47, Vikramaditya Marg, Agrawal Farm, Mansarovar, Jaipur - 302020
Mob :- - 9461543216, 8619552796



VIBHOR SAXENA

## MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-14/12/1996
T.O.B. :-3:45 PM
P.O.B. :-Biharsharif
Gotra :-Ambastha
Height :-5 F 5 Inch
Manglik :- No
Edu. :-MBA in Finance (BIMM, Pune) B.Com in Accounts Hons.
Job :-Oracle (Bangalore) Financial Analyst
F.Name :-Ajay Kumar
M.Name :-SimmiKumari
Address :-GayatriNiwas, Adarsh Nagar, Road No - 3, Phulwari Sharif,
Mob :- - 9006634367



AMISHA SINHA

## MARRIAGE BIO-DATA

DOB: : 8-8-1994
BOT : 10:10 PM
POB : Sawai madhopur
Hight : 5'6".
Gotar : kashyap
Education : MA History
Father - Manoj Kumar Shrivastava
Mother -Mrs Mithlesh Shrivastava
Address- Spl 1 Ricco colony Kherda Sawai madhopur Rajasthan.
Mobile : 9079838646, 8949354721
Only- Rajasthan MP Delhi



SONAL SHRIVASTAVA

## MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B.:-18/10/1993
T.O.B.:-07:00 PM P.O.B.:-Jaipur
Gotra:-SikanderPuria
Height :- 5 feet 11inch Manglik :-No
Education MCom
Job :-: Tele Performance Jaipur M.C.A.
Income :-3 lac
F. Name : -MadhupSaxena
Mother Name :-Maya Saxena
Address :-DadiKaFatak, Jaipur
Mob :-9772202022



AMAN SAXENA

## MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-15/10/1993
T.O.B. :-10.30 PM
P.O.B. :- Sawai Madhopur
Gotra :- Barseriya
Height :- 5 feet 7 inch
Manglik :- No
Education : B.Com, CA, CSA-L2
F. Name :-Mr. Ashok Saxena
M. Name :-Smt. Rekha Saxena
Address :-EB 704 , Arbana Jewels Society Near Muhana Mandi, Sanganer Road, Jaipur-302029
Mob :- 94140 45265, 94140 31740



ALANKAR SAXENA

## MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-07-06-1993
T.O.B. :- 02:30 A.M.
P.O.B. :- Agra ( UP)
Gotra :-Parnevar
Height :-5 feet 6 inches
Manglik :- yes
Edu. :- MCA, BCA, Computer Harware & Networking
Job :- IT Computer Business
F.Name :-Sh. Suresh Chandra
M.Name :-Smt. Sadhana Srivastav
Address :- 2/1291, Kudi Bhagtasni Housing Board Sector- 2, Jodhpur
Mob :- 9950125210, 9511504179



ANUPAM SHRIVASTAV

## MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :- 19 Dec. 1998
T.O.B. :- 2.51 P.M.
P.O.B. :-Shivpuri (M.P.)
Gotra :-Amrotiya
Height :-5' ft. 6" inch.
Manglik :- No
Edu. :-B.B.A. & MBA in Finance and marketing from NDIIT NEW DELHI
Job :-Account ASAHI INDIA GLASS LIMITED GURUGRAM
Annual Income:- 4.10 L.P.A.
F.Name :-Mr. Manoj Saxena
M.Name :-Late Mrs. Nidhi Saxena
Address :-Gwalior M.P.
Mob :- - 8384091352



YASH SAXENA

## MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :- 5/10/1990
T.O.B. :- 9.15am
P.O.B. :-Bikaner
Gotra :-
Height :-5.5" inch
Manglik :- No
Edu. :-B Tec (Electrical Engineering)
Job :-Data Analyst at GEDU Global Education Pvt Ltd.. Noida
F.Name :-Late sh Dinesh Kumar
M.Name :-Vandana Bhatnagar
Address :-B-3/355 Sudarshan Nagar Bikaner, Rajasthan
Mob :- - 8949903293, 9314185401



ANKIT BHATNAGAR

## MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :- 04-12-93
T.O.B. :-02:05 P.M.
P.O.B. :-Jaipur, Rajasthan
Gotra :- Laloriya
Height :- 5 ft. 5 inches Manglik :- NO
Education B.Tech in CS from Poornima College,Jaipur,RTU KOTA
Job :- Senior Quality Assurance Engineer in Veritas LLC,Posted Pune
Annual income:- 20 LPA
F. Name :-Adv. Rakesh Saxena
M. Name :-Mrs.Neelima Saxena
Address :-Dev Nagar,Tonk Road,Jaipur
Mob :- 95712 16971



ER.ARUSHI SAXENA

## MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-04/10/1999
T.O.B. :-20:12 pm
P.O.B. :-Lucknow
Gotra :-
Height :-
Manglik :- No
Edu. :-B.com (Hons), M.com, B.ed
Job :-CICI Bank as a senior officer

F.Name :-Dinesh Saxena
M.Name :-Reeta Saxena

Address :-Sitapur, Uttar Pradesh
Mob :- - 9554580028, 9794749102



PRIYANKA SAXENA

## MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :- 2_8_1986
T.O.B. :- 8.10 pm
P.O.B. :-Ajmer
Gotra :- JHAMRIYA
Height :- 5 fit 5 inch
Manglik :- No
Edu. :-PostGraduation
Job :-business construction line partner ship

F.Name :-Ashok swroop mathur
M.Name :-BEENA MATHUR
Address :-Vaishali nagar. Ajmer
Mob :- - 7976759692. 7611001658



PRASHANT SRIVASTAVA

## MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-25 May 1999
T.O.B. :- 04:50 A.M.
P.O.B. :- Hajipur, Bihar
Gotra :-Kashyap
Height :-5 feet 0 inches
Manglik :- No
Edu. :-B. Pharm
Job :-Regulatory Affairs Specialist at Cbayexpress Corporation (Herbishh) Nodia
F.Name :-Sh. Rajesh Ranjan Verma
M.Name :-Sarita Sinha
Address :- Bharat City, Ghaziabad
Mob :- 9319973209



Arunima

## माननीय रविन्द्र किशोर सिन्हा जी के स्वास्थ संबंधी सूचना



चित्रांश एक्सप्रेस ( रत्ना सिन्हा ) । साहब का स्वास्थ पहले से बेहतर है। वेंटीलेटर से हटे १५ दिन हो गया। MRI रिपोर्ट बेहतर है। बाक़ी वाइटल पैरामीटर अभी स्टेबल हैं। साहब आँख खोल रहे हैं। हाथ में भी मूवमेंट है। परंतु अभी पहचान नहीं पा रहे हैं। बोलने से बात समझ / फॉलो नहीं कर पा रहे हैं। गले में ट्रेचेसोटोमी ट्यूब लगा है जिससे खाना-पानी जा रहा है, इसी लिए अभी बोल पाना संभव नहीं है।

डॉक्टरों की सलाह से कुछ दिन पहले से न्यूरो रिहैब शुरू किया गया है। जिसमे साहब को बेड से उठा कर बैठाने का और हाथ - पैर के मूवमेंट - मसल लेक्सिबिलिटी का प्रयास किया जा रहा है। न्यूरो स्पेशलिस्ट डॉक्टर बताते हैं की ऐसे बड़े हैमरेज के बाद रिकवरी बहुत स्लो होती हैं, लगभग ६ महीने लगते है तब जाकर स्पष्ट होता है की कितनी रिकवरी होगी। तब तक, पहला लक्ष्य वाइटल स्टेबल रखने का और कॉम्प्लिकेशन बचाने का होता है। साथ में रिहैब के द्वारा फिजिकल और ऑक्यूपेशनल थेरेपी का उपचार चलाया जाता है। इस कठिन समय में, आप सभी ने जिस श्रद्धा से उनके लिए चिन्ता, प्रार्थना, पूजा पाठ और मंगल कामना की है, उससे बहुत बल मिला है। उनके कर्म, धर्म और सबकी शुभेच्छा से ईश्वर का आशीर्वाद रूपी कवच उन्हें मिलेगा, हम सभी को विश्वास है।

## होली मिलन समारोह का आयोजन



वडोदरा ( सुनीता श्रीवास्तव ) चित्रांश एक्सप्रेस। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में एवं कायस्थ कुल गौरव डॉ अनूप श्रीवास्तव जी के दिशा निर्देश में तथा वरिष्ठ राष्ट्रीय महासचिव श्री कृष्ण कुमार श्रीवास्तव जी तथा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव जी के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। बहुत बड़ी संख्या में चित्रांशो ने भाग लिया - कायस्थ महिला शक्ति भी बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। जहां मधुर फिल्मी गीतों से कुछ चित्रांशो ने समा बाँधा वहीँ महिला शक्ति ने पारंपरिक होली के लोक गीतों से सबका मन मोह लिया था। नन्हें बच्चों ने भरतनाट्यम नृत्य तथा अन्य डांस प्रस्तुत किए. प्रदेश उपाध्यक्ष ( महिला शक्ति) श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव ने 'बुरा न मानो होली है' के अंतर्गत कुछ लोगों को टाइटल से नवाजा , जिसका सभी ने आनंद उठाया. वरिष्ठ राष्ट्रीय महासचिव श्री कृष्ण कुमार श्रीवास्तव जी ने कायस्थ कुलगौरव डॉ अनूप श्रीवास्तव जी के बारे में सभी को जानकारी प्रदान किए तथा के कार्ड बनवाने पर जोर दिए, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव जी ने भी सभी को कायस्थ परिवार, वडोदरा के क्रियाकलापों के बारे में बताया तथा के कार्ड लेना क्यों आवश्यक है, इसकी जानकारी दी। इसी समारोह में सभी को के कार्ड बनवाने के फॉर्म वितरित किए गए और कुछ के कार्ड भी बनवाये गए, सभी में के कार्ड के प्रति जागरूकता आ गई है।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाया. समारोह की जगह तथा खान- पान की व्यवस्था श्री विजय सक्सेना जी नीलेश जी एवं मनीष जी ने किया जिसकी जितनी तारीफ की जाए कम है। दो चित्रांशियों डॉ आयुषि सक्सेना तथा श्रीमती सीमा श्रीवास्तव ने बखूबी मंच संचालन किया, सुनीता श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष ( महिला शक्ति) वडोदरा।

## महाकुंभ वंदनीय भारत – डॉ.सुशील कुमार



चित्रांश एक्सप्रेस। मानव जीवन का प्रत्येक .त उसके मन, मस्तिष्क और आत्मा के संयुक्त क्रिया व प्रतिक्रियाओं का प्रतिफल माना जाता है। मन और मस्तिष्क भी भौतिक वस्तुओं पर प्रतिक्रिया देते है, जबकि ये दोनों शरीर में स्थित आत्मा ( एक अलौकिक शक्ति अर्थात ऊर्जा से संवाद करता है ) द्वारा दिए गए मनोस्थितियों पर प्रतिक्रिया देते है। आत्मा ( आंतरिक ऊर्जा ) और परमात्मा ( अलौकिक ऊर्जा ) भी आधुनिक विज्ञान द्वारा खोज लिए गए वैद्युतिकी - चुंबकीय बल ( Electro & Magnetic Force ) तथा अंतरांविक बल के सिद्धांतों पर आधारित कार्य करता है।

प्रयागराज में मकरसंक्रांति से आरम्भ हुआ और महाशिवरात्रि को महाकुंभ मेला संपन्न हुआ। इस विशाल आध्यात्मिक मेले में अनुमानित 45 करोड़ से कही अधिक 64 करोड़ लोग पूरे भारत और विश्व से आए और गंगा - यमुना -सरस्वती नदियों के संगम स्थल त्रिवेणी और इसके आस - पास 22 पवित्र घाटों पर तीर्थयात्रियों ने स्नान कर अपने मन और मस्तिष्क को शुद्ध किया, अर्थात् सकारात्मक ऊर्जा से अपने को पिरोया। भारतीय ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बृहस्पति ग्रह ( सुख -संपदा के प्रतीक ) और पृथ्वी का महायोग 144 वर्षों बाद हुआ था। इसीलिए लोग अपने मन और मस्तिष्क में घर कर गए विकारों को परिष्त करने और सकारात्मक ऊर्जा से अपने को लबरेज होने के लिए इस महाकुंभ में प्रयागराज स्थित संगम में स्नान करने का अवसर मिला। महाकुंभ का धार्मिक महत्व समुद्र मंथन के पश्चात उत्पन्न अमृत के कुछ बूंदे इसी संगम क्षेत्र में गिरने के कारण माना जाता है।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा की गई प्रशासनिक , मूलभूत और संरचनात्मक व्यवस्थाएं अद्वितीय एवं सराहनीय थी। यह महाकुंभ मेला संपूर्ण भारत को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। यहां देश - विदेश के विभिन्न क्षेत्रों से लोग आए और आ रहे है, जहां कोई भी क्षेत्र, भाषा, जाति, वर्ग, अमीर, गरीब की बात नहीं करता । सभी एक है और नेक है। सारी असमानताएं खत्म हुई दिखी। सबों के लिए महाकुंभ एक केंद्र बिंदु एवं मिलन स्थल रहा। यह शत प्रतिशत सत्य है कि हमारा कर्म ही हमारा कुंभ है। अर्थात अपने कार्यों को पूर्ण सकारात्मक सोच और विचारों के साथ सतत्, निर्बाध, अनुशासित और कठोर परिश्रम से अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जाता है। यदि इस कार्य प्रक्रिया में संवेदनशीलता, सुखद अनुभव, आदर और समर्पण की भाव पैदा हो जाय अथवा इसे परिपूर्ण किया जाय तो संगठनात्मक लाभ के साथ सामाजिक लाभ और व्यक्तिगत लाभ की भी प्राप्ति होती है। जिस प्रकार शरबत में घोले गए शक्क्र शरबत को स्वादिष्ट बना देता है , उसी प्रकार ईश्वर को साक्षी मान कर अपने कर्मों को किया जाय तो उसमें आनंद की अनुभूति अनंत हो जाती है। जीवन में हौसला और धैर्य दोनों की आवश्यकता होती है, जो सफलता का मार्ग दर्शाता है।




।। ऊँ यमाय धर्मराजाय श्री चित्रगुप्ताय वै नमः ।।

**भगवान श्री चित्रगुप्त जी भव्य शोभायात्रा**

स्नेही स्वजन,

सम्पूर्ण सृष्टि के कर्मों का लेखा जोखा रखने वाले, सचराचर जगत के स्वामी, आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्राकट्य दिवस पर आगामी चैत्र पूर्णिमा (12 अप्रैल) को एक **भव्य शोभायात्रा** का आयोजन किया जा रहा है, जिसका कार्यक्रम निम्नवत है -

**शोभायात्रा - विवरण**

दिनांक - 12 अप्रैल, 2025 (शनिवार), समय - सायं 5:00 बजे

प्रारम्भ स्थल - श्री चित्रगुप्त मंदिर, बरियाघाट, मीरजापुर

(शोभायात्रा बरियाघाट से प्रारंभ होकर वासलीगंज, गिरधर का चौराहा, पेहटी का चौराहा, घंटाघर, ओलियर घाट होते हुए वापस बरियाघाट स्थित सन् 1902 में स्थापित 123 वर्ष प्राचीन श्री चित्रगुप्त मंदिर पर समाप्त होगी)

अतः आप सभी से करबद्ध विनम्र निवेदन है कि कृपया **सपरिवार** व इष्ट मित्रों के साथ उक्त शोभायात्रा में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ के भागी बनें।

**सम्पर्क -**
9415231493, 8604015654
9651436777, 8318569996
9415288112, 9839252190

भवदीय
**के. एस. पी. ट्रस्ट**
**(सामाजिक संस्था)**
मीरजापुर (उ. प्र.)




Amit Saxena
9468957703

VOLTAS MITSUBISHI ELECTRIC acer GENERAL Haier BOSCH SAMSUNG HITACHI

COOL POINT ENGINEERS

Deals in : Air Conditioners, Miccrowave LED, Refrigerator, Washing Machine

10/7, Swarn Path Crossing, Madhyam Marg, Mansarovar, Jaipur - 302020
Phone : 0141-2786263 | E-mail : coolpointjaipur@gmail.com

## संस्था उत्थान एक नई पहल के विवेक सक्सेना बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



मुरादनगर , चित्रांश एक्सप्रेस। श्रम एवं सेवायोजन के अध्यक्ष ठाकुर रघुराज सिंह के संरक्षण में चल रही संस्था उत्थान एक नई पहल राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज प्रजापति ने बताया कि पूर्व श्रम कल्याण परिषद विशेष आमंत्रित सदस्य विवेक सक्सेना को उनके अच्छे कार्य गौ सेवा और गरीब लोगों के लिए अपार प्रेम देखते हुए संस्था का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है विवेक सक्सेना भारत के कई राज्यों में मानव सेवा के लिए जाने जाते हैं संस्था उनसे उम्मीद रखती है कि उनके नेतृत्व में और भी अच्छे कार्य होंगे। इस अवसर पर विवेक सक्सेना ने कहा कि संस्था ने उन पर भरोसा जाता है उनके भरोसे पर खरे उतरेंगे।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा लखनऊ का होली मिलन समारोह संपन्न




लखनऊ, चित्रांश एक्सप्रेस। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में इंदिरा नगर में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने कहा कि होली आपसी प्रेम और सद्भाव का त्योहार है जो आपस में मेल जोल का संदेश देती है । कार्यक्रम अध्यक्ष एवं महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंद्रसेन श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थों का लंबा स्वर्णिम इतिहास रहा है, हमने हमेशा से समाज को जोड़ने और समृद्धि के लिए कार्य किया है। विशिष्ट अतिथि गोपाल राय राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व हिन्दू रक्षा परिषद, संजीव वर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय चित्रांश महासभा, नवीन श्रीवास्तव भाजपा प्रवक्ता, रमेश श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष लखनऊ विश्व विद्यालय, दीपक रंजन प्रवक्ता समाजवादी पार्टी, राम प्रकाश श्रीवास्तव ( प्रदेश उपाध्यक्ष )ने भी अपने अपने विचार रखे और समाज से एकजुट रहने को कहा। कार्यक्रम संयोजक महासभा जिलाध्यक्ष डॉ मोहित प्रकाश श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में कई कायस्थ विभूतिया मौजूद रही।

## गोरखपुर के विनय ने राष्ट्रीय पैरा पावरलिटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा



गोरखपुर ( अरुण कुमार श्रीवास्तव ), चित्रांश एक्सप्रेस। नोएडा में संपन्न राष्ट्रीय पावरलिटिंग पैरालंपिक प्रतियोगिता में गोरखपुर के विनय कुमार ने 65 किलो भार वर्ग में 146 किलो वजन उठाकर जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल और सीनियर वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त करके प्रदेश एवं जिले का मन बड़ा बढ़ाया। जातव्य है कि इसके पूर्व में विनय कुमार द्वारा मिस्र में संपन्न विश्व पैरा पावरलिटिंग चैंपियनशिप में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त किया गया था एवं जनवरी में बैंकॉक थाईलैंड में आयोजित विश्व जूनियर पैरा पावरलिटिंग प्रतियोगिता में 65 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। उनके स्थानीय कोच एवं जिला पैरालंपिक संघ, गोरखपुर के अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस खिलाड़ी में अपार संभावनाएं हैं, एक गरीब परिवार से निकला हुआ यह खिलाड़ी गोरखपुर के लिए उगता हुआ सूरज है, आशा है कि अपने मेहनत के बल पर अगले ओलंपिक में एवं एशियाई खेलों में यह खिलाड़ी गोरखपुर का मान रखते हुए अपने प्रशिक्षक एवं शुभचिंतकों का मान बढ़ाएगा । उनकी इस सफलता पर बैडमिंटन खिलाड़ी संजय श्रीवास्तव, राजीत श्रीवास्तव, अंतरराष्ट्रीय पहलवान पन्नेलाल यादव, जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष दिनेश सिंह, राष्ट्रीय पावरलिटिंग संघ के अध्यक्ष जेपी सिंह ,उत्तर प्रदेश पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कविंद्र पाल सिंह, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी गोरखपुर आले हैदर आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है । अरुण कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्ष, जिला पैरालंपिक संघ गोरखपुर


## डेंगु एवं मलेरिया का प्रभावी ईलाज

**HOMOEOPATHIC CHIKISTA KENDRA**




Dr. B.C. Saxena
B.Sc. D.H.M.S.
(Heart & General Physician)
Mob.: 98281-59170

विशेषज्ञ :
हृदय रोग, पाइलस, अल्सर पथरी, बच्चों के रोग, स्त्री रोग

38/17, Madhyam Marg, Kiran Path, Mansarovar, Jaipur-302020
E-mail : brijesh.sexena1@gmail.com

Timing Summer : 8 -12 am 5 - 8 pm
Winter : 9 -1 am - 5 - 8 pm
Sunday Evening Closed


## अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



## श्री प्रेम दत्त माथुर (देहदानी)

शोकाकुल :
अमित - रितु , गौरव - दीप्ति( पुत्र-पुत्रवधू ) , मुस्कान , भूमिश, आरुषि, अनन्या ( पोत्र-पोत्री )
रघुनाथ दत्त- रीना, किरण दत्त - नीता, सुनील दत्त- दुर्गा , वीरेंद्र - प्रीति ( भतीजा- भतीजा बहू )
आनंद - सुनीता, नितिन भटनागर- सीमा भटनागर ( बेटी-जवाई )
अनीता आयुष , ध्रुव,नीलाभ , राहुल ( पोत्र ) एवं समस्त माथुर परिवार

**चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन**

डॉ. अरुण सक्सेना, संपादक | रवि माथुर, सह- संपादक | धर्मेन्द्र जौहरी, संरक्षक

**अभाकाम संस्था**

अजीत सक्सैना, अध्यक्ष, अभाकाम संस्था | रतन सक्सैना, उपाध्यक्ष, अभाकाम संस्था | सुनील कुमार श्रीवास्तव, संगठन सचिव, अभाकाम संस्था
शियाने राधेगोविन्द माथुर, अध्यक्ष, नलिनी फाउंडेशन | मधुप कुमार सक्सैना, कोर्डिनेटर, अभाकाम संस्था | शंशाक माथुर, सचिव, अभाकाम संस्था


नलिनी फाउंडेशन
एक पहल शिक्षा एवं स्वास्थ्य की ओर

## "नलिनी शिक्षा सहायता योजना"



स्व. श्रीमती नलिनी माथुर
23.9.1959 - 01.6.2021

शिक्षा की ताकत के साथ पिछडों का समाजिक उत्थान में विश्वास करते हैं। हमारी नवीनतम पहल "नलिनी शिक्षा सहायता योजना" का उद्देश्य सिंगल पेरेन्ट (मां) वाले परिवारों को उनकी बेटियों की शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन और सहायता प्रदान करना है।

इसके साथ ही इस योजना के अन्तर्गत दिव्यांग छात्रों को भी आर्थिक सहायता प्रदान कर अपनी क्षमतानुरूप कार्य करने हेतू प्रेरित किया जाएगा।

हमें विश्वास है की हमारा ये छोटा सा प्रयास एक अक्षम को सक्षम कर उसके सपनों को पूर्ण करने में एक अहम भूमिका निभाएगा।

आवेदन प्रक्रिया पूर्णत:पारदर्शी एवं आनलाईन है। आवेदक के दस्तावेज़ सत्यापन के बाद चयन समिति द्वारा चयनित आवेदकों नलिनी फाउण्डेशन द्वारा अवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। मैसेज शेयर कर पात्र परिवारों को प्रेरित करें।

अधिक जानकारी के लिए लिंक पर क्लिक करें :

https://www.nalinifoundation.org/nalini-shiksha-sahayata



शिहान राधे गोविन्द माथुर # +91 98280 71297
सम्पर्क सूत्र :+91 95090 90666, 9649990555


सम्पादक – डॉ. अरूण कुमार सक्सेना । सीईओ – अजीत सक्सेना । सह–सम्पादक – रवि माथुर । संरक्षक – धर्मेन्द्र जौहरी